हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे, कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे।

हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे,
कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे।
इस भारत में हीं क्या
सारे जग में नाम कमायेंगे।
बाल मजदूरी, दहेज प्रथा,
इन सब को बंद करायेंगे।
हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे,
कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे।
हमें ना कोई रोक सके,
हमें ना कोई टोक सके,
इस काबिल बन जायेंगे।
हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे,
कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे।
हम भारत की शान बनेंगे,
गुरुकुल का अभिमान बनेंगे,
देश के खातिर मर-मिटने को
हम यूं हीं तैयार रहेंगे।
हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे,
कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे।
जिस माँ ने हमको जन्म दिया,
उस माँ की शान बढ़ायेंगे।
जिस पिता ने हमको संस्कार दिया,
उस पिता को अभिमान करायेंगे।
हम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे,
कुछ ऐसा कर दिखलाएँगे। - 2